राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp1-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ. 3 (ख)( ) अलेसे–II/ 6848–57 दिनांकः–26 अगस्त 2014

## आदेश संख्या

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29 (2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2008–09) की सिफारिशों के आधार पर श्री परमानन्द धनवानी, कनि0 लेखाकार (मेरिट संख्या 147/86, लिंक नं. 4711) जन्मतिथि 22 दिसम्बर 1959, जिनका चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत लेखाकार के रिक्त पद पर वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनके विरूद्ध जांच लम्बित होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नहीं किए गए।

विभागीय आदेश क्रमांक 2158–2161 दिनांक 12.08.14 द्वारा श्री परमानन्द धनवानी के प्रकरण को बिना किसी दण्ड दिये समाप्त किए जाने एवं श्री धनवानी द्वारा वांछित संतान घोषणा पत्र प्रस्तुत कर दिये जाने के कारण इनकी पदोन्नति की जाकर लेखाकार पद की वेतन श्रृंखला 9300–24800 (पे बैण्ड– 2), ग्रेड पे– 4200/–में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है। श्री परमानन्द धनवानी (मेरिट सं. 147/86) की वरिष्ठता श्री सुरेश चन्द गुप्ता (मेरिट सं. 146/86) एवं श्री मुरारीलाल शर्मा (मेरिट सं. 148/86) के मध्य रहेगी।

श्री परमानन्द, कनि0 लेखाकार पदोन्नति के उपरान्त अपने वर्तमान पद पर इस पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकता क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेगें।

उक्त आदेश वित्त विभाग की स्वीकृति संख्या पं.2 (15)वित्त/राजस्व/10 दिनांक 21 जून 2013 के अनुसरण में जारी किए गए हैं।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक,

क्रमांकः– एफ. 3 (ख)( ) अलेसे–II/ 6848–57 दिनांकः–26 अगस्त 2014

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. कोषाधिकारी कोष कार्यालय अजमेर।
2. तहसीलदार अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि वे कृपया सम्बन्धित कनि0 लेखाकार को लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण करवाकर विभाग को सूचित करावें।
3. अति0 निदेशक, कार्मिक–II, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि सम्बन्धित कनि0 लेखाकार के कम्प्यूटर लिंक नम्बर जांच कर निजी पत्रावलियां पूर्ण करवाकर भिजवाने का श्रम करावें।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
5. श्री परमानन्द धनवानी, कनि0 लेखाकार (मेरिट संख्या 147/86, लिंक नं. 4711), तहसील कार्यालय अजमेर को निर्देशित किया जाता है कि वे लेखाकार पद पर कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब इस विभाग को भिजवावें।
6. डीपीसी अनुभाग/गोपनीय अनुभाग।
7. निजी सहायक, निदेशक महोदया।
8. निजी पंजिका/आदेश पंजिका।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक,कोष एवं लेखा
निदेशक